

जून-2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर
# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य


आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

## सन्देश



मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के मासिक न्यूज़ लेटर के प्रकाशन का एक वर्ष पूर्ण हो गया है। जून-2018 से प्रारम्भ इस न्यूज़ लेटर में प्रकाशित; उत्तर प्रदेश पुलिस कार्मिकों, जनपदीय पुलिस एवं इकाईयों द्वारा सम्पन्न जन कल्याण/प्रशंसनीय/सराहनीय/उल्लेखनीय कार्य, विशेष/प्रादेशिक अभियानों, यूपी 100 सेवा, प्रयागराज कुम्भ मेला-2019, इत्यादि अद्भुत योगदानों के फलस्वरुप राष्ट्रीय/प्रादेशिक स्तर पर अर्जित सम्मान/पुरस्कार/पदक/प्रशंसा चिन्ह, इत्यादि उपलब्धियों का स्मरण करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया के रूप में मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है और इस हेतु मैं सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को पुनः बधाई देता हूँ।

जन सेवा हेतु नये एप्स की लॉन्चिंग, प्रवासी भारतीयों हेतु ट्विटर हैण्डिल, डिजिटल वालेण्टियर संगठन, बुजुर्ग चौपाल, पुलिसजन के व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल वृद्धि हेतु देश के लब्धप्रतिष्ठ संस्थानों के साथ एम.ओ.यू./कार्यशालाओं का आयोजन, पुलिस बल के तकनीकी उन्नयन, विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं का उच्चीकरण, उ.प्र. में सीसीटीएनएस द्वारा e-Court, e-Prison एवं e-Prosecution को जोड़ने, वर्चुअल क्लास रूम द्वारा प्रशिक्षण, लखनऊ मेट्रो सुरक्षा, इत्यादि प्रगतिशील गतिविधियाँ भी विगत एक वर्ष में सम्पन्न की गयी हैं जिनकी जानकारी न्यूज़ लेटर के माध्यम से समस्त पुलिसजन तक पहुँचायी गयी है।

पुलिस बल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि, प्रेरक व्यक्तित्व, पुलिस सप्ताह में सेवानिवृत्त कार्मिकों का सार्वजनिक सम्मान, सेवारत कार्मिकों के मार्गदर्शन हेतु सम्पन्न गोष्ठियों/कॉन्फ्रेंस/सेमिनार, महत्वपूर्ण आदेश/निर्देश, प्रतिभाओं/छात्र-छात्राओं का सम्मान, Cop of the month चयन व उनका सम्मान, स्टाफ के कल्याणार्थ सम्पन्न कार्य, कार्मिकों के पदोन्नति/भर्ती/प्रशिक्षण कार्य, पुलिस समर कैम्प, इत्यादि सकारात्मक एवं प्रेरणास्पद कार्यों से भी आप भिज्ञ हुए हैं।

न्यूज़ लेटर में प्रकाशित न्यूज़ से प्रेरणा लेकर अधिकांश जनपदों में इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, मादक पदार्थ एवं अवैध आग्नेयास्त्रों की बरामदगी, संवेदनशील अपराधों के खुलासे, इत्यादि से कानून-व्यवस्था सम्बन्धी बेहतर परिणाम दृष्टिगोचर हुए हैं और अपराध पर नियंत्रण बेहतर हुआ है। ऐसी आशा है कि न्यूज़ लेटर उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जन कल्याण हेतु नये प्रयोगों, पहल, नयी दिशा एवं नयी सोच उत्पन्न करने का मार्ग प्रशस्त करने में सहयोगी होगा।

मैं उत्तर प्रदेश पुलिस के निरन्तर विकासोन्मुखी, प्रगतिशील, उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।

(ओ0पी0 सिंह)
पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

